# जगदीश सरन हिन्दू महाविद्यालय में मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित



राष्ट्रीय इत्तिफाक समाचार

**अमरोहा।** साहू जगदीशसरन कल्चरल क्लब द्वारा मेंहदी प्रतियोगिता करायी गयी। प्रतियोगिता डॉ. रश्मिगुप्ता तथा मंजुला शर्मा ने विद्यार्थियों को मेंहदी की कलात्मक आकृतियों के विभिन्न प्रकार तथा महत्व बताया। आकर्षक मेंहदी की सीख दी और बताया कि सभी मेंहदी उत्सव को और अधिक उल्लास से भर देती है। इसके अनेक औषधीय गुण भी होते हैं। इस प्रतियोगिता में सानिया, जैनब खान, समरीन, आमना खान, शिवानी, प्राची आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कल्चरल क्लब के प्रभारी डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ.आभा सिंह, निधि गुप्ता, अनुराधा सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकायें भी मौजूद रहे।